**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**राजभवन देहरादून 11 मई, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि बैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने संपूर्ण मानवता को अहिंसा, शांति, करूणा और सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जब समाज को सहनशीलता, प्रेम और मैत्री की अत्यंत आवश्यकता है।

............0.............